**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के तृतीय सत्र 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री किरण पाल कश्यप, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूंछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 3. (क) क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि जिलाधिकारी, लखनऊ को सम्बोधित विपिन कुमार वर्मा, सदस्य विधान सभा का पत्र दिनांक 09 अगस्त, 2024 जो भू-राजस्व के रूप में वसूली किये जाने के सम्बन्ध में था, प्राप्त हुआ है? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त के विन्दु क्या-क्या है ? | श्री विपिन कुमार वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा के पत्र दिनांक 09.08.2024 में अंकित विन्दु अपर सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा सुश्री विभा वाजपेयी के विरूद्ध वकाया अनुरक्षण शुल्क रू0 1,93,464/- की वसूली हेतु निर्गत वसूली प्रमाण पत्र संख्या-1993, दिनांक 02.08.2024 तथा वाकीदार श्री मो0 कामिल के विरूद्ध वकाया अनुरक्षण शुल्क रू0 1,42,914/- की वसूली हेतु निर्गत वसूली प्रमाण पत्र संख्या-1994, दिनांक 02.08.2024 की वसूली भू-राजस्व की भांति कराये जाने से सम्बन्धित है। |
| (ग) वर्णित विन्दुओं के सम्बन्ध में क्या भू-राजस्व की भांति वसूली की गयी? | लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्गत वसूली प्रमाण पत्र संख्या-1993, दिनांक 02.08.2024 के क्रम में वाकीदार सुश्री विभा वाजपेयी से पंजाव नेशनल बैंक द्वारा स्वीकृत डिमॉड ड्राफ्ट संख्या-553839, दिनांक 13.12.2024 द्वारा समस्त धनराशि रू0 1,93,464/- की वसूली कर ली गयी है।<br>लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्गत वसूली प्रमाण पत्र संख्या-1994, दिनांक 02.08.2024 के विरूद्ध वाकीदार श्री मो0 कामिल द्वारा मा0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या(सी0)- 9750/2024 मो0 कामिल बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 न्यायालय के आदेश दिनांक 25.11.2024 द्वारा याची को आर0सी0 में अंकित धनराशि की आधी धनराशि जमा करने एवं आधी धनराशि की वसूली पर स्थगन आदेश पारित किया गया है। मा0 न्यायालय के उक्त आदेश दिनांक 25.11.2024 के समादर में आर0 सी0 संख्या-1994, दिनांक 02.08.2024 में अंकित धनराशि रू0 1,42,914/- के सापेक्ष आधी धनराशि रू0 71,497/- श्री मो0 कामिल से पंजाव नेशनल वैंक द्वारा निर्गत चेक संख्या- 209705 दिनांक 15.12.2024 के माध्यम से वसूली कर ली गयी है। |
| (घ) यदि नहीं, तो भू-राजस्व की भांति वसूली कब तक करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |

Devesh 17/12/24

17/12/2024

18.12.2024

(केशव प्रसाद मौर्य)
नेता सदन, विधान परिषद
एवं उप मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

(योगी आदित्यनाथ)
मुख्यमंत्री